प्राचीन इतिहास विभाग

एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय

सदनलाल सांवलदास खन्ना महिला महाविद्यालय में दिनांक 21.02.2019 को प्राचीन इतिहास विभाग के तत्वावधान में विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसका विषय था ''प्राचीन भारत में धर्म की अवधारणा एवं वर्तमान में उसकी प्रासंगिकता।'' विशिष्ट वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. सी.डी. पाण्डेय ने साहित्यिक सन्दर्भो में धर्म की परिभाषा, बहुदेववाद, एकत्ववाद, ब्रह्मण्डीय व्यवस्था, यज्ञीय व्यवस्था और नैतिक व्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 'संस्कृति से मानव की पहचान होती हैं।' उन्होंने नचिकेता आख्यान, कौत्स रघु आख्यान, गीता के उदाहरणों एवं उपनिषदीय प्रासंगिक वाक्यों के आलोक में यह बताया कि सहयोग, साहचर्य, श्रेय, प्रेय और समरसता धर्म के प्रधान तत्व हैं। इस अवसर पर अन्तर्महाविद्यालीय प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। जिसका विषय था – ''उच्च शिक्षा एवं रोजगार में इतिहास विषय की संभावनाएँ,''। इलाहाबाद विश्वविद्यालय कि स्वाति मिश्रा एवं एस.एस. खन्ना महिला महाविद्यालय की अंकिता प्रधान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अतिथियों का स्वागत डॉ. रीतू जायसवाल और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मीनू अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. निशि सेठ और प्रियंका गुप्ता ने किया।